www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UPSC CSE 2018 MAINS PAPER 7 OCTOBER 07, 2018 ECONOMICS OPTIONAL PAPER - II QUESTION PAPER**

विभाज्य DETACHABLE

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र II)

# ECONOMICS (Paper II)

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न / भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है ।

जहाँ आवश्यक हो, आलेख / चित्र उत्तर के लिए दिए गए स्थान में ही दर्शाइए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा नहीं हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Graphs/illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि अंग्रेजों की औद्योगिक तथा वाणिज्यिक नीतियों का उद्देश्य भारत को इंग्लैंड की पूरक अर्थव्यवस्था में बदल देना था ? कारण बताइये ।

Do you agree with the view that the objective of industrial and commercial policies of British was to transform India as a complementary economy of England ? Give reasons. 10

1.(b) वी. के. आर. वी. राव ने भारत के अपने से पूर्व के राष्ट्रीय आय प्राक्कलनों में किस प्रकार सुधार किया था ?

How did V. K. R. V. Rao improve upon the earlier national income estimates of India ? 10

1.(c) ब्रिटिश भारत में, स्वर्ण बुलियन मानक का किस प्रकार 'अनुपात विवाद' के साथ अंत हुआ था ?

How did Gold Bullion Standard end with 'ratio controversy' in British India ? 10

1.(d) स्पष्ट कीजिये कि बहु-आयामी निर्धनता सूचकांक का किस प्रकार अभिकलन किया जाता है ।

Explain how multi-dimensional poverty index is computed. 10

1.(e) भारत के विनिर्माण क्षेत्रक में 'लुप्त मध्य' की परिघटना पर विस्तार से प्रकाश डालिये :

Elaborate on the phenomenon of 'missing middle' in Indian manufacturing sector. 10

2.(a) स्थायी भूमि व्यवस्था (परमानेंट लैंड सेटलमेंट) के, जैसी कि लार्ड कार्नवालिस ने प्रस्तुत की थी, अभिलक्षणों का परीक्षण कीजिए ।

Examine the features of permanent land settlement as introduced by Lord Cornwallis. 20

2.(b) अपने अस्तित्व के प्रारंभ के वर्षों के दौरान भारत में पटसन मिलों के सामने आई समस्याओं को स्पष्ट कीजिये ।

Explain the problems faced by jute mills in India during the early years of their existence. 15

2.(c) 'ब्रिटिश शासन के फलस्वरूप भारत का अल्पविकास हुआ' । क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताइये ।

'British rule led to India's underdevelopment'. Do you agree ? Give reasons in support of your answer. 15

3.(a) भारत की राष्ट्रीय आय में संरचनात्मक रूपांतरण से सम्बन्धित मुद्दों तथा निहितार्थों पर प्रकाश डालिये ।

Reflect on issues and implications of structural transformation in India's national income. 20

3.(b) भारत में फार्म आकार-उत्पादकता बहस के प्रकाश में, भूमि सुधारों की नीति को आप किस प्रकार न्यायसंगत बतायेंगे ?

How would you justify the policy of land reforms in the light of the farm size - productivity debate in India ? 15

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

3.(c) 'ब्याज सहायतार्थ अनुदान योजना' के प्रमुख अभिलक्षणों और फार्म क्षेत्रक पर उसके निहितार्थों का विश्लेषण कीजिये ।

Analyse the salient features of 'interest subvention scheme' and its implications on the farm sector. 15

4.(a) निवेश को सरल बनाने तथा कारोबार करने की सुगमता के लिए सरकार द्वारा की गई नई पहलों पर टिप्पणी कीजिये ।

Comment on the new initiatives taken by the government to facilitate investment and ease of doing business. 20

4.(b) पिछले पंद्रह वर्षों का भारत का उतार-चढ़ाव वाला राजकोषीय इतिहास, राज्यों की ओर से राजकोषीय विवेक का तथा केन्द्र के द्वारा राजकोषीय फिजूलखर्ची का इतिहास रहा है । क्या आप सहमत हैं ? कारण बताइये ।

The chequered fiscal history of India of the last fifteen years has been a saga of fiscal prudence on the part of the States and fiscal profligacy by the Centre. Do you agree ? Give reasons. 15

4.(c) भारत में सुधारोत्तर अवधि में आर्थिक संवृद्धि, असमानता एवं निर्धनता के बीच संबंध पर प्रकाश डालिये ।

Reflect on the relationship among economic growth, inequality and poverty in the post-reform period in India. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) क्या आप सहमत हैं कि 'मनरेगा' सर्वत्र व्यापी अनाचारों निधियों के रिसन और संसाधनों के विपथन से ग्रसित रहा है ? कारण बताइये ।

Do you agree that MGNREGA has been plagued with rampant malpractices, leakage of funds and diversion of resources ? Give reasons. 10

5.(b) अब उद्यान कृषि भारतीय कृषि का संवृद्धि संचालक है । ग्रामीण विविधीकरण के व्यापक संदर्भ में इस मुद्दे पर परिचर्चा कीजिए ।

Horticulture is now the growth driver of Indian Agriculture. Discuss the issue in the broad context of rural diversification. 10

5.(c) भारत में उदारीकरण-पूर्व अवधि में सार्वजनिक तथा निजी सेक्टरों के सापेक्ष योगदानों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये ।

Critically examine the relative contributions of public and private sectors in the pre-liberalisation period in India. 10

5.(d) समझाइए कि भारत में जैविक खेती के इस्तेमाल को किस कारण प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ।

Explain why the use of organic farming should be encouraged in India. 10

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

5.(e) संगठित विनिर्माण क्षेत्रक को किस प्रकार समावेशी संवृद्धि के एक इंजन के रूप में पुनर्जीवित किया जा सकता है ?

How can the organised manufacturing sector be revived as an engine of inclusive growth ? 10

6.(a) क्या आप सहमत हैं कि हाल के कुछ वर्षों में राजकोषीय फिसलन की प्रकृति संरचनात्मक रही है ? साथ ही अगले कुछ वर्षों में राजकोषीय समेकन के लिए विस्तृत रास्ता (रोड मैप) सुझाइए ।

Do you agree that fiscal slippage in the recent past is structural in nature ? Also suggest road map for fiscal consolidation in the next few years. 20

6.(b) भारत के बैंकिंग क्षेत्रक का राज्य-नियंत्रित खंड नीति निर्माताओं के लिए एक प्रमुख समस्या बनी हुई है । क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर की पुष्टि के लिए कारण प्रस्तुत कीजिए ।

The state-controlled section of India's banking sector continues to be a major problem for policy makers. Do you agree ? Give reasons in support of your answer. 15

6.(c) क्या आपके विचार में हरित क्रांति का भारतीय कृषि पर सीमित प्रभाव था ? अपने उत्तर का औचित्य दीजिये ।

Do you think that the green revolution had limited impact on Indian agriculture ? Justify your answer. 15

7.(a) विमुद्रीकरण अल्पावधि परिव्ययों और दीर्घकालीन लाभों सहित एक मूलक (रैडिकल) और अभूतपूर्व कदम रहा है । इस कथन के समर्थन में कारण प्रस्तुत कीजिए ।

Demonetisation has been a radical and unprecedented step with short-run costs and long-term benefits. Give reasons in support of this statement. 20

7.(b) भारत में उदारीकरण पूर्व काल में निर्धनता सम्बन्धी बहस पर प्रकाश डालिये ।

Throw light on the poverty debate in the pre-liberalisation era in India 15

7.(c) नीति आयोग की स्थापना ने भारत में किस प्रकार आयोजना परिप्रेक्ष्य को परिवर्तित कर दिया है ? स्पष्ट कीजिए ।

How the setting up of NITI Aayog has changed the planning perspective in India ? Explain. 15

8.(a) क्या आपका विश्वास है कि भारत में वर्तमान परिस्थितियों के अधीन पूंजी खाता परिवर्तनीयता साध्य है ? स्पष्ट कीजिए ।

Do you believe that capital account convertibility is feasible under the present circumstances in India ? Explain. 20

8.(b) 'ट्रिम्स' के प्रमुख अभिलक्षणों का वर्णन कीजिए । इसने भारत में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्रक पर किस प्रकार प्रभाव डाला है ?

Describe the salient features of TRIMS. How has it impacted the textile and clothing sector in India ? 15

8.(c) विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफ. पी. आई.) पर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफ. डी. आई.) को किस कारण तरजीह दी जानी चाहिए ? इस संबंध में सरकार की पहलों पर टिप्पणी कीजिए ।

Why should FDI be preferred over FPI ? Comment on government's initiatives in this respect. 15